लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/45/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 15.05.2018

श्री दिलीप सिंह पिता जगदीश सिंह परिहार ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 05.06.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 13.03.2018 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 45/2018/(05.06)/507 दिनांक 15.05.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी को दिनांक 05.06.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 05.06.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ और न ही सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किये।

प्रकरण संख्या 45/2018 (सू.अ.)
श्री दिलीप सिंह निवासी ग्राम सालावास जिला जोधपुर बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 13.03.2018 से जनवरी, 2016 से दिसम्बर, 2017 तक की जनरल कैश बुक की प्रमाणित प्रति एवं अप्रेल, 2015 से दिसम्बर, 2017 तक सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की कितनी राशि एकत्रित हुई संबंधित सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./45/2018(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2018

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री दिलीप सिंह पिता जगदीश सिंह परिहार निवासी ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर
3. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, बडीसादडी

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)